हनुमान् चालीसा

दोहा
श्री गुरु चरण सरोज रज निजमन मुकुर सुधारि ।
वरणौ रघुवर विमलयश जो दायक फलचारि ॥
बुद्धिहीन तनुजानिकै सुमिरौ पवन कुमार ।
बल बुद्धि विद्या देहु मोहि हरहु कलेश विकार् ॥

ध्यानम्
गोष्पदीकृत वाराशिं मशकीकृत राक्षसम् ।
रामायण महामाला रत्नं वंदे अनिलात्मजम् ॥
यत्र यत्र रघुनाथ कीर्तनं तत्र तत्र कृतमस्तकांजलिम् ।
भाष्पवारि परिपूर्ण लोचनं मारुतिं नमत राक्षसांतकम् ॥

चौपाई
जय हनुमान ज्ञान गुण सागर ।
जय कपीश तिहु लोक उजागर ॥ 1 ॥

रामदूत अतुलित बलधामा ।
अंजनि पुत्र पवनसुत नामा ॥ 2 ॥

महावीर विक्रम बजरंगी ।
कुमति निवार सुमति के संगी ॥3 ॥

कंचन वरण विराज सुवेशा ।
कानन कुंडल कुंचित केशा ॥ 4 ॥

हाथवज्र औ ध्वजा विराजै ।
कांथे मूंज जनेवू साजै ॥ 5॥

शंकर सुवन केसरी नंदन ।
तेज प्रताप महाजग वंदन ॥ 6 ॥

विद्यावान गुणी अति चातुर ।
राम काज करिवे को आतुर ॥ 7 ॥

प्रभु चरित्र सुनिवे को रसिया ।
रामलखन सीता मन बसिया ॥ 8॥

सूक्ष्म रूपधरि सियहि दिखावा ।
विकट रूपधरि लंक जरावा ॥ 9 ॥

भीम रूपधरि असुर संहारे ।
रामचंद्र के काज संवारे ॥ 10 ॥

लाय संजीवन लखन जियाये ।
श्री रघुवीर हरषि उरलाये ॥ 11 ॥

रघुपति कीन्ही बहुत बडायी ।
तुम मम प्रिय भरतहि सम भायी ॥ 12 ॥

सहस वदन तुम्हरो यशगावै ।
अस कहि श्रीपति कंठ लगावै ॥ 13 ॥

सनकादिक ब्रह्मादि मुनीशा ।
नारद शारद सहित अहीशा ॥ 14 ॥

यम कुबेर दिगपाल जहां ते ।
कवि कोविद कहि सके कहां ते ॥ 15 ॥

तुम उपकार सुग्रीवहि कीन्हा ।
राम मिलाय राजपद दीन्हा ॥ 16 ॥

तुम्हरो मंत्र विभीषण माना ।
लंकेश्वर भये सब जग जाना ॥ 17 ॥

युग सहस्र योजन पर भानू ।
लील्यो ताहि मधुर फल जानू ॥ 18 ॥

प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माही ।
जलधि लांघि गये अचरज नाही ॥ 19 ॥

दुर्गम काज जगत के जेते ।
सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते ॥ 20 ॥

राम दुआरे तुम रखवारे ।
होत न आज्ञा बिनु पैसारे ॥ 21 ॥

सब सुख लहै तुम्हारी शरणा ।
तुम रक्षक काहू को डर ना ॥ 22 ॥

आपन तेज तुम्हारो आपै ।
तीनों लोक हांक ते कांपै ॥ 23 ॥

भूत पिशाच निकट नहि आवै ।
महवीर जब नाम सुनावै ॥ 24 ॥

नासै रोग हरै सब पीरा ।
जपत निरंतर हनुमत वीरा ‖ 25 ‖

संकट सें हनुमान छुडावै ।
मन क्रम वचन ध्यान जो लावै ‖ 26 ‖

सब पर राम तपस्वी राजा ।
तिनके काज सकल तुम साजा ‖ 27 ‖

और मनोरध जो कोयि लावै ।
तासु अमित जीवन फल पावै ‖ 28 ‖

चारो युग परिताप तुम्हारा ।
है परसिद्ध जगत उजियारा ‖ 29 ‖

साधु संत के तुम रखवारे ।
असुर निकंदन राम दुलारे ‖ 30 ‖

अष्ठसिद्धि नव निधि के दाता ।
अस वर दीन्ह जानकी माता ‖ 31 ‖

राम रसायन तुम्हारे पासा ।
साद रहो रघुपति के दासा ‖ 32 ‖

तुम्हरे भजन रामको पावै ।
जन्म जन्म के दुख बिसरावै ‖ 33 ‖

अंत काल रघुवर पुरजायी ।
जहां जन्म हरिभक्त कहायी ‖ 34 ‖

और देवता चित्त न धरयी ।
हनुमत सेयि सर्व सुख करयी ‖ 35 ‖

संकट कटै मिटै सब पीरा ।
जो सुमिरै हनुमत बल वीरा ‖ 36 ‖

जै जै जै हनुमान गोसायी ।
कृपा करो गुरुदेव की नायी ‖ 37 ‖

जो शत वार पाठ कर कोयी ।
छूटहि बंदि महा सुख होयी ‖ 38 ‖

जो यह पडै हनुमान चालीसा ।

होय सिद्धि साखी गौरीशा ॥ 39 ॥

तुलसीदास सदा हरि चेरा ।
कीजै नाथ हृदय मह डेरा ॥ 40 ॥

दोहा
पवन तनय संकट हरण - मंगल मूरति रूप् ।
राम लखन सीता सहित - हृदय बसहु सुरभूप् ॥
सियावर रामचंद्रकी जय । पवनसुत हनुमानकी जय । बोलो भायी सब संतनकी जय ।